बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

नगर विकास एवं आवास विभाग के सभागार में दिनांक– 17.02.2016 को प्रात 11:00 बजे अपराह्न में प्रधान सचिव महोदय की अध्यक्षता में Video Conference के माध्यम से आयोजित NULM योजना की निकायवार प्रगति समीक्षा बैठक की कार्यवाहीः–

1. PMC-NULM द्वारा प्रस्तुत निकायवार प्रतिवेदन के आधार पर वैसे नगर निकाय जिनके कार्य संतोषजनक नहीं हैं की कार्य समीक्षा पहले की गयी। समीक्षा के कम में नगर निकाय भभुआ, बक्सर, जमालपुर, औरंगाबाद, डेहरी, खगड़िया, गोपालगंज एवं बांका को NULM के सभी घटकों में तेजी से कार्य करने हेतु निम्नलिखित निदेश दिया गया–

- NULM योजना के EST&P घटक के तहत लाभार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण के उपरान्त पारदर्शी तरीके से ज्यादा से ज्यादा Work order Issue कर STP को नियुमानुसार तय समय सीमा के अन्दर भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिया गया।
- लाभुकों के कौशल प्रशिक्षण के उपरांत उनका Certification करवाया जाय एवं लाभुकों का नियोजन सुनिश्चित किया जाय।
- SM&ID घटक के तहत पात्र स्वयं सहायता समूहों को Revolving Fund वितरित करने, SHGs को बैंक से सी.सी.एल. कराने हेतु निदेश दिया गया।
- SUSV के घटक में Town Vending Committee (TVC) का गठन एवं बायोमेट्रिक सर्वे का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेश दिय गया।
- SUH घटक के अन्तर्गत नये आश्रय स्थल के निर्माण कार्य मे तेजी लाया जाय एवं पूर्व से मौजूद आश्रय स्थलों को नवनीकरण यथाशीघ्र पुरा किया जाय।

2. **Video Conference के माध्यम से विभागीय प्रधान सचिव द्वारा NULM योजना के सभी घटकों के अन्तर्गत NULM नगर निकायों को निम्नलिखित सामान्य निदेश दिये गये –**

➢ **साप्ताहिक / पाक्षिक समीक्षा बैठक एवं शिविरों का आयोजन के संबध में:**

- नगर आयुक्त / कार्यपालक पदाधिकारी अपने नगर स्तर पर NULM योजना के सभी Stakeholders (STPs/APMAS/ NASVI) के प्रतिनिधियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठकों का आयोजन सुनिश्चित करें।
- विभाग द्वारा पूर्व में दिये गये निदेश के कम में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को पाक्षिक शिविरों का आयोजन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।

➢ **Social Mobilisation & Institutional Development (SM&ID) घटक के संबंध में**

- SM&ID घटक के तहत पात्र स्वयं सहायता समूहों को Revolving Fund के वितरण में तेजी लाया जाय ।
- संतृप्ति दृष्टिकोण (Saturation Approach) के मद्देनजर सभी नगर निकाय वार्ड वार Saturation Plan योजना तैयार करें एवं स्वयं सहायता समूहों के गठन कर उनका बैंक से केडिट लिंकेज सुनिश्चित किया जाय।
- स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जाय।

➢ **Employment through Skills Training & Employment (EST&P) घटक के संबंध में**

- EST&P घटक के तहत लाभुकों के ऑनलाईन पंजीकरण हेतु एक ड्राइव चलाया जाय। STPs एवं CMMU वार्ड में भ्रमण कर वार्ड पार्षदों के सहयोग से अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ा जाय। निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार हेतु प्रचार सामग्री (Handbill, Leaflet etc.) तैयार कर वितरित किया जाय।
- नगर कार्यपालक पदाधिकारी शहरी स्लम में भी शिविरों का आयोजन कराकर जरूरतमंद लाभुकों का ऑनलाईन पंजीकरण STPs एवं CMMU के माध्यम से सुनिश्चित करें।
- लाभुकों के ऑनलाईन पंजीकरण के आधार पर संबंधित नगर निकाय पात्र लाभुकों के बैच तैयार कर कौशल प्रशिक्षण हेतु STPs को कार्यादेश जारी करना सुनिश्चित करें।
- STPs को कार्यादेश जारी करने के उपरान्त नियमानुसार प्रथम किस्त की राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

➢ **Shelter for Urban Homeless (SUH) घटक के संबंध में**

- SUH घटक के अन्तर्गत नये आश्रय स्थल के निर्माण हेतु जहाँ जमीन की उपलब्धता नहीं हो सकी है वैसे नगर निकाय स्थानीय प्रशासन की मदद से जमीन की व्यवस्था करें।
- पूर्व से मौजूद आश्रय स्थलों के रख–रखाव व संचालन ALO के माध्यम से सुनिश्चित कराने हेतु निदेश दिया गया।

➢ **Support to Urban Street Vendor (SUSV) घटक के संबंध में**

- नगर निकायों में Street Vendors के बॉयोमेट्रिक सर्वे ~~को~~ यथाशीघ्र सुनिश्चित कराया जाय।
- Vending Zone की पहचान कर वहाँ वेंडिंग हेतु आधारभूत संरचना विकसित किया जाय।
- Street Vendors को पहचान–पत्र के साथ–साथ वेंडिंग हेतु प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

➢ **Self Employment Programme (SEP) घटक के संबंध में**

- NULM योजना के लाभान्वितों को RSETIs के माध्यम से स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण कराया जाय।

उपरोक्त बिन्दुवार सामान्य निदेशों के अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने हेतु विभागीय प्रधान सचिव द्वारा सभी नगर निकायों को निदेश दिया गया।

3. **Video Conference** पर उपस्थित नगर निकायों के नगर कार्यपालक पदाधिकारी/नगर प्रबंधक एवं नगर मिशन प्रबंधक से विभागीय संयुक्त सचिव–सह–निदेशक, नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा भी **NULM** योजना की निकायवार प्रगति समीक्षा की गयी।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यावाही समाप्त की गयी।

24.2.16

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांकः– NULM-PMC/001/MOM/2015-16/न0वि0 एवं आ0वि0/ 50 **दिनांक–** 25/2/16

प्रतिलिपिः– विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/संयुक्त टीम लीडर, पी0एम0सी0–एन0यु0एल0एम0/सम्बन्धित सभी नगर आयुक्त/नगर कार्यपालक पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24.2.16

प्रधान सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग।